आरोप | पालाचौरई साइडिंग से गार्बेज परिवहन मामले में प्रबंधन घिरा

# मिट्टी-रेत परिवहन के नाम पर कन्हान प्रबंधन पर करोड़ों के कोयला घोटाले का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 2 जुलाई, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कन्हान क्षेत्र अंतर्गत शारदा भूमिगत खदान के आसपास गड्ढों को भरने के नाम पर करोड़ों रुपये के कोयला घोटाले का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सब एरिया प्रबंधन ने कथित रूप से कोयला माफियाओं के साथ मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर कोयले की हेराफेरी की है।**



आरोप है कि प्रबंधन ने औपचारिक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पालाचौरई साइडिंग से गार्बेज उठाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कराई, लेकिन इस प्रक्रिया की आड़ में वर्षों से साइडिंग में दबे हुए करोड़ों रुपये मूल्य के कोयले को निकालकर पार कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे मामले में केवल संबंधित सब एरिया प्रबंधक ही नहीं, बल्कि पूरा प्रबंधन और कथित कोयला माफिया शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में मोआरी खदान के लिए बनाई गई पालाचौरई साइडिंग को खदान बंद होने के बाद बंद कर दिया गया था और वेस्टर्न कोलफील्ड्स के रिकॉर्ड में इसे शून्य घोषित कर दिया गया था। आरोप है कि इसके बावजूद साइडिंग में दबे हजारों टन कोयले को निकालने के लिए एक सुनियोजित योजना के तहत प्रबंधन और कथित माफियाओं ने मिलकर बड़ा खेल खेला। मामले में जब संबंधित सब एरिया प्रबंधक से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, परिवहन कार्य करने वाले ठेकेदार ने स्वीकार किया कि उन्हें प्रबंधन द्वारा टेंडर प्रक्रिया के तहत केवल परिवहन की अनुमति दी गई थी और उनके द्वारा लगभग 6,000 टन सामग्री का परिवहन किया गया। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पालाचौरई साइडिंग से उठाया गया गार्बेज आखिर गया कहां? जमीनी स्तर पर जब शारदा भूमिगत खदान के आसपास उक्त गार्बेज की तलाश की गई, तो उसका कोई पता नहीं चला। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि प्रबंधन ने शारदा भूमिगत खदान से निकाले गए कोयले की हेराफेरी कर उसकी भरपाई के लिए पालाचौरई साइडिंग से उठाए गए गार्बेज को सारणी थर्मल पावर प्लांट भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, परिवहन कार्य करने वाली कंपनी बी एंड बी को लगभग 7 किलोमीटर की दूरी के लिए 350 रुपये प्रति टन की दर से भुगतान किया गया। मामले को लेकर स्थानीय जागरूक नागरिकों ने विजिलेंस विभाग, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के उच्च अधिकारियों को शिकायत करते हुए खनिज विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

# अग्निपथ योजना के प्रति जागरूकता हेतु मॉक टेस्ट एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 2 जुलाई, 24 एम.पी. बटालियन एनसीसी, छिंदवाड़ा द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में भर्ती प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने, उनकी तैयारी एवं मूल्यांकन करने तथा चयन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पेंचवैली कॉलेज परासिया के सीआईएसएफ मैदान में मॉक टेस्ट एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन किया गया।**




आयोजन 24 एम.पी. बटालियन एनसीसी, छिंदवाड़ा के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पेंचवैली कॉलेज परासिया के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद वसीम, संदीपनी विद्यालय परासिया की एनसीसी अधिकारी श्रीमती अरुणा बैरागी, सूबेदार चरण सिंह, बीएचएम निर्मल गुरूंग, हवलदार सुभाष सिंह, हवलदार गुरप्रीत सिंह, हवलदार सुरजन सिंह सहित 24 एम.पी. बटालियन के समस्त पी.आई. स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 40 पात्रता योग्य युवक एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नगर परिषद् न्यूटन चिखली में स्थाई उपयंत्री की मांग, हों रहे निर्माण कार्य प्रभावित

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 2 जुलाई, नगर परिषद् न्यूटन चिखली में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य उपयंत्री के नहीं होने से प्रभावित हो रहे हैं। पिछले छः सात महीने से नगर परिषद् में स्थाई उपयंत्री नही है.**

शासन द्वारा नगरपालिका डोंगर परासिया के उपयंत्री को न्यूटन चिखली का प्रभार दिया गया था परासिया में काम की अधिकता के कारण प्रभारी उपयंत्री नगर परिषद् न्यूटन आते ही नही थे. इसके बाद शासन द्वारा उपयंत्री आरती टेकाम का नगर परिषद् चांदामेटा संलग्नीकरण निरस्त कर न्यूटन चिखली में स्थाई पदस्थापना की गयी थी परन्तु 2 दिन बाद ही फिर उनका ट्रान्सफर नगरपालिका दमुआ कर दिया गया जिससे नगर परिषद् न्यूटन चिखली में अब कोई भी उपयंत्री पदस्थ नही है. उपयंत्री की अनुपलब्धता से निर्माण कार्यो की नियमित निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण, तकनीकी स्वीकृतियां. भुगतान संबंधी कार्यवाही तथा समयबद्ध क्रियान्वयन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा हेमंत राय ने कहा की जनहित एवं विकास कार्यो की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए शासन से आग्रह किया जाता है कि निकाय में रिक्त इंजीनियर पदों पर यथाशीघ्र नियमित अथवा अस्थायी पदस्थापना की जाए, ताकि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके और विकास परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो।

# कीचड़ और गंदगी के बीच संचालित हो रहे सिंगोड़ी के निजी स्कूल

**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 2 जुलाई, मासूमों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कीचड़ और गंदगी के बीच संचालित हो रहे सिंगोड़ी के निजी स्कूल। नियमों की उड़ रही धज्जियां, शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने साधी मौन स्वीकृति दी लापरवाही और नियमों के उलंघन की छूट।**



क्षेत्र के निजी स्कूलों में लापरवाही और नियमों के उल्लंघन का एक बड़ा मामला सामने आया है। सिंगोड़ी स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल और डीएस लिटिल फ्लावर स्कूल में मानकों को ताक पर रखकर बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन स्कूलों में न तो बच्चों के बैठने की सही व्यवस्था है और न ही परिसर में साफ-सफाई का कोई ध्यान रखा जा रहा है। वही स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों स्कूलों में बेहद छोटे-छोटे कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इससे भी बदतर स्थिति स्कूल परिसर के बाहर और चारों तरफ की है, जहां हर तरफ कीचड़ और गंदा पानी जमा है। इस गंदगी के कारण स्कूल आने वाले मासूम बच्चों में गंभीर बीमारियां डेंगू, मलेरिया और इन्फेक्शन फैलने की आशंका बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि वे भारी-भरकम फीस देने के बावजूद अपने बच्चों को बीमारी के साए में भेजने को मजबूर हैं।

**इनका कहना है**

पूर्व में भी सभी निजी स्कूलों को निर्देशित किया जा चुका है की नियमों के तहत स्कूल संचलन करे,कल हमने स्कूलों की बैठक बुलाई है शासन के निर्देश अनुसार ही स्कूलों का संचालन होगा।

विनोद वर्मा
बीआरसी अमरवाड़ा

# वित्तीय वर्ष 20025-26 में जबलपुर संभाग में नपा दमुआ को मिली उत्कृष्ट सफलता

**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 2 जुलाई, नगर पालिका परिषद् दमुआ ने राजस्व वसूली कार्य में उत्कृष्ट सफलता पाई है फलस्वरूप निकाय को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3 लाख 25 हजार की राशि प्रदान की गई, उक्त प्रोत्साहन राशि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिका परिषद् दमुआ को जबलपुर संभाग में राजस्व वसूली का उत्कृष्ट कार्य करने हेतु दिया गया।**

राजस्व वसूली लक्ष्य के कार्य हेतु निकाय में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे के कुशल मार्गदर्शन में राजस्व शाखा प्रभारी सुरेश मानेकर सहायक वर्ग 1 व समस्त राजस्व वसूली कर्ता कर्मचारियों के अथक प्रयासों से उपरोक्त लक्ष्य की प्राप्ति की गई, उक्त उत्कृष्ट कार्य के लिये निकाय की अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर, उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप बबुआ एवं समस्त सभापति गणों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त राजस्व कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

# रेलवे अंडरब्रिज निर्माण का अधिकारियों ने किया जमीनी निरीक्षण

## हाथोड़ा रोड की ओर निर्माण पर बनी सहमति

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 2 जुलाई, चौरई के अमरवाड़ा रोड स्थित रेलवे स्टेशन के पास प्रस्तावित रेलवे अंडरब्रिज निर्माण को लेकर गुरुवार को प्रशासनिक एवं रेलवे अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं और निर्माण कार्य से प्रभावित होने वाले गरीब परिवारों के आशियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।**



निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) प्रभात मिश्रा ने मौके की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। जमीनी परिस्थितियों और आमजन की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने अंडरब्रिज का निर्माण हातोड़ा रोड की ओर से किए जाने पर सहमति जताई, जिससे लोगों को कम से कम परेशानी हो और प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने भी प्रस्तावित निर्माण की तकनीकी जानकारी साझा की तथा स्थानीय सुझावों पर विचार-विमर्श किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चरण सिंह धुर्वे, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भारती जाट, नगर पालिका सीएमओ अंकिता बर्मन, मंडी सचिव नीतू उइके, रेलवे विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# घर की छत पर टूटकर गिरा 11 केवी का तार, एक मवेशी की मौत

**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 2 जुलाई, सिंगोड़ी में बिजली विभाग की लगातार लापरवाही सामने आ रही है पिछले तीन महीने से रोज जहां बिजली मेंटनेंस के नाम पर विद्युत आपूर्ति चार से छह छह घंटे बंद कर कार्य किया जा रहा है वही कई बार विद्युत पोल और तार टूट कर गिर रहे है ऐसे में लोगो की जान मुसीबत में आ रही है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी रिछन नदी के पास नई आबादी में 11 केवी का तार सुबह करीब पांच बजे टूट गया और एक घर की छत पर गिर गया जिससे उसमे बंधे एक मवेशी की मौत की खबर है वही अन्य इंसानी जान भी मुसीबत में आ गई थी। इस मामले में ग्रामीणों ने सिंगोड़ी उपयंत्री पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा की पिछले एक माह से जहां लगातार रोज बिजली आपूर्ति मेंटनेश के नाम पर बंद की जा रही है वही इसके बाद भी लगातार कही तार टूट रहे हैं कही पोल गिर रहे है वही यह भी बताया गया है की अनावश्यक रूप से बिजली भी बंद कर रहे है।

# हर्रई मोक्षधाम बना गंदगी का केंद्र, जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 2 जुलाई, हर्रई नगर का मोक्षधाम, जिसे हिन्दू धर्म में सबसे पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है, आज गंदगी और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। नगर परिषद की लापरवाही के चलते मोक्षधाम परिसर की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त है।**



हैरानी की बात यह है कि हर्रई क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी अधिकारी भी इसी नगर में निवासरत हैं, इसके बावजूद नगर के इस अंतिम एवं पवित्र स्थल की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस स्थान पर प्रत्येक व्यक्ति की अंतिम यात्रा समाप्त होती है, उसी स्थान की उपेक्षा लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है। मोक्षधाम में फैली गंदगी, अव्यवस्थित व्यवस्थाएं और साफ-सफाई का अभाव न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रहा है, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों के सामने भी नगर की छवि धूमिल कर रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नगर के सबसे संवेदनशील और पवित्र स्थल की यह स्थिति है, तो स्वच्छता व्यवस्था के दावों की वास्तविकता स्वयं सामने आ जाती है। नगरवासियों ने नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मोक्षधाम की तत्काल साफ-सफाई कराकर नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि इस पवित्र स्थल की गरिमा बनी रहे और दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान का भाव भी कायम रह सके। यह संस्करण आलोचनात्मक है, लेकिन व्यक्तिगत आरोप लगाने के बजाय सार्वजनिक मुद्दे पर केंद्रित है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव**
**जिला छिन्दवाड़ा ( म.प्र. )**
(तामिया रोड वार्ड क्रमाक 03 जुन्नारदेव पिनकोड 480551)
Phone(07160)231007 UIB CODE 802380
Emailid-cmojunardev@mpurban.gov.in
क्रमांक/1285/न.पा./ राजस्व/2026
जुन्नारदेव दिनांक 29/06/2026

**आम-सूचना आपत्ति इश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के स्वामित्व की बाजार क्षेत्र की 154 दुकान में दुकान क्र. 41 जो कि (श्रीमति गिरिजा बाई विमलचंद जैन) में आवेदिका श्रीमति आरती जैन पति विनोद जैन के द्वारा दुकान नामांतरण /अन्तरण हेतु आवेदन पत्र, मय आपसी सहमति अंतरण पत्र दिनांक 12.02.2026 को प्रस्तुत किया है। उक्त दुकान वर्तमान में श्रीमति गिरिजा बाई विमलचंद जैन के नाम से दर्ज है, जो आवेदक को अन्तरण हेतु आपसी सहमति से अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है। उक्त दुकान की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है। उत्तर नपा स्वामित्व गुरूदत्तामल मिगलानी की दुकान दक्षिण में न0पा0 की सीसी रोड पूर्व में सी सी रोड पश्चिम में विनोद बडोनिया की दुकान है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र, अन्तरण विलेख-पत्र (आपसी सहमति) आधार पर उक्त दुकान का नामांतरण श्रीमति आरती जैन पति विनोद जैन के नाम पर किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबध्द पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर मय दस्तावेजो सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् जुन्नारदेव**
**जिला-छिन्दवाड़ा**
जुन्नारदेव दिनांक-29/06/2026


# जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड में ब्लॉक व नगर अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जुलाई, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा के उपरांत जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड में ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष पंचम अमरोदे द्वारा नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष निम्नानुसार है।**

पप्पू पाल विधानसभा अध्यक्ष छिन्दवाड़ा, पवन डेहरिया छिन्दवाड़ा भाग एक पुरुषोत्तम वर्मा छिन्दवाड़ा भाग दो, गगन विश्वकर्मा चौरई, सूरज उइके खमारपानी, पवन इंदौरकर बिछुआ, सचिन पाल चांद, अंशुल ठाकुर अमरवाड़ा, जफर अंसारी सिंगोड़ी, सत्यनारायण इवनाती हर्रई, नरोत्तम साहू तामिया, नीलम उइके छिन्दी, विकास डेहरिया जामई, मानसिंग ठाकुर दमुआ, राजू सूर्यवंशी नवेगांव, आकाश डेहरिया परासिया, विशाल सोमकुंवर उमरेठ, करण वस्त्राणे सांवरी, अमन जावरकर मोहखेड़ ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। विकास डेहरिया नगर अध्यक्ष छिन्दवाड़ा, कुणाल जनबंधु दुधगांव/खमारपानी, विक्रांत नागवंशी नगर अध्यक्ष सिंगोड़ी, राजा राइन दमुआ, सुनील यदुवंशी नवेगांव, राकेश दुर्वे सांवरी एवं सौरभ पाटिल मोहखेड़ नगर अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

# भारतीय स्टेट बैंक शाखा दमुआ ने मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 2 जुलाई, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना 1 जुलाई 1955 को हुई थी। इससे पूर्व इम्पीरियल बैंक ऑफ़ इंडिया का राष्ट्रीयकरण करके भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का गठन किया गया। इसी परिपेक्षय मे कल 01 जुलाई को भारतीय स्टेट शाखा दमुआ जिला छिंदवाड़ा मे बैंक परिसर मे एसबीआई का 71वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।**



इस विशेष अवसर पर शाखा प्रबंधक राकेश कुमार कोरी ने ब्रांच के वरिष्ठ ग्राहक मुकेश साहू व समस्त शाखा स्टॉफ की उपस्थिति मे केक कट बड़े ही खुशनुमा वातावरण मे स्थापना दिवस मनाया सभी ने एक दूसरों को आपस मे स्थापना दिवस की शुभकामनायें देकर मिष्ठान ग्रहण किया। कार्यक्रम अवसर पर दमुआ एसबीआई शाखा प्रबंधक राकेश कुमार कोरी सहायक शाखा प्रबंधक चंद्रभान रघुवंशी और किशोरीलाल मीणा सहायक क्लर्क आशीष पवार व अनुज सोनी और स्टॉफ उपस्थित था।

# कलेक्टर ने अमरवाड़ा एवं हर्रई क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 2 जुलाई, कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को अमरवाड़ा एवं हर्रई क्षेत्र के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अमरवाड़ा कार्यालय, न्यायालय तहसीलदार अमरवाड़ा, नायब तहसीलदार अमरवाड़ा एवं तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, अभिलेखों के संधारण एवं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरवाड़ा के कार्यालय का भी निरीक्षण किया और विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने हर्रई स्थित न्यायालय तहसीलदार, न्यायालय नायब तहसीलदार एवं तहसील कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हर्रई कार्यालय का भी निरीक्षण किया।


**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088
संपर्क विवरण: टेलीफ़ोन: 91–22– 42372468
ईमेल : admission@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

**प्रवेश घोषणा – शैक्षणिक वर्ष 2026–2027**

सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि PG, Ph.D. तथा PDF पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 15–07–2026 (प्रातः 11:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। अधिक जानकारी हेतु कृपया www.iipsindia.ac.in पर जाएँ ।

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर


समस्या | नल-जल योजना की लापरवाही उजागर, पंचायत और विभाग से कार्रवाई की मांग

# पिंडरई गांव में गंदे पानी की सप्लाई से हड़कंप, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 2 जुलाई, सारंगबिहरी से तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पिंडरईखुर्द गांव में नल-जल योजना के तहत हो रही पानी सप्लाई अब ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। गांव के कई मोहल्लों में नलों से गंदा, मटमैला और बदबूदार पानी आने से लोगों में भारी नाराजगी है।**



ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे पीने योग्य पानी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। मजबूरी में इसी पानी का उपयोग करने से गांव में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।

गांववासियों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन पिंडरई में इसके उलट हालात दिखाई दे रहे हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे योजना की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित की जाए।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देंगे और कब ग्रामीणों को गंदे पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

**इनका कहना है**

नल से जो पानी आ रहा है, वह इतना गंदा और मटमैला है कि उसे उपयोग में लेना भी मुश्किल हो गया है। गांव के लोग परेशान हैं और बच्चों-बुजुर्गों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। हम चाहते हैं कि प्रशासन जल्द इस समस्या पर ध्यान देकर साफ पानी उपलब्ध कराए।

**पूनाराम चौरिया, ग्रामीण**

पिछले सरपंच कार्यकाल में सरकारी कुएं के किनारे से प्रधानमंत्री सड़क निर्माण हुई थी.जिसकी उंचाई काफी होने एंव नाली का पानी निकासी न होने के अभाव से गांव एंव खेतो का बरसात का पानी कुएं में भर आ जाता है.यह पिछले 5 सालो से चल रहा है.सड़क एजेंसी को चाहिए वह पानी निकासी के लिए पुलिया डाले तब ही इस समस्या का समाधान हो सकता है.

**प्रहलाद धुर्वे, सरपंच ग्राम पंचायत पिंडरई**

सबंधित गंदे पानी की शिकायत मिलने के बाद तत्काल संज्ञान लिया गया है। फिलहाल संबंधित सप्लाई पर रोक लगवा दी गई है।

**कैलाश धुर्वे, पंचायत इंसपेक्टर, जनपद पंचायत मोहखेड**


**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
**Municipal Corporation Chhindwara**
शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबरः-07162-222346
ईमेलः- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईटः- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/1897 / लोनिवि/नपानि / 2026-27 छिंदवाड़ा दिनांक 1/7/26

**// प्रथम निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_518595_1 Date-03/07/26 | वार्ड क्रमांक 22 में सीताबाई के घर के पास नाली निर्माण कार्य | 1- 502200<br>2- 2 माह | 1- 2000<br>2- 5022 | 17/07/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम**
**छिंदवाड़ा**